मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–8, अंक–7, सितम्बर, 2008

# पंजाब की धरती पर बिखरे Colour Dreamz के रंग



कामधेनु इस्पात लिमिटेड की नयी शाखा कामधेनु पेंटस के **'Colour Dreamz'** ने सदाबहार रंगों से पंजाब की धरती पर अपनी छटा बिखेरनी शुरू कर दी है। लुधियाना के "नरवाना क्लब" में 6 सितंबर को आयोजित एक भव्य समारोह में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सौरभ अग्रवाल और श्री सचिन अग्रवाल ने **'Colour Dreamz'** के उत्पादों को आम जनता के सामने पेश किया। इस अवसर पर मशहूर पॉप गायक शंकर साहनी के मस्ती भरे गीतों ने हर किसी को झूमने पर मजबूर कर दिया, जबकि रशियन डांसर एला, इन्द्राणी एवं उनकी सखियों ने अपने खूबसूरत नृत्य और मनमोहक अदाओं से समारोह में समां बाँध दिया।

पाँच नदियों की पवित्र भूमि पंजाब के लुधियाना शहर में **'Colour Dreamz'** की चैनल पार्टनर मीट के मौके पर मीडिया एवं उपस्थित मेहमानों को संबोधित करते हुए श्री सौरभ अग्रवाल ने बताया कि इस श्रृंख्ला के सभी उत्पाद उपभोक्ताओं की पसंद और जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं। इसमें इमल्शन, एनामेल, डिस्टेंपर, टेक्सचर्ड एवं डिजाइनर फिनिशेज, प्राइमर एवं अन्य संबंधित उत्पाद शामिल हैं। **'Colour Dreamz'** के उत्पादों को बाजार में उतारने की रणनीति के बारे में बताते हुए श्री सचिन अग्रवाल ने कहा कि इन उत्पादों को देश भर के उपभोक्ताओं के बीच दो चरणों में पेश किया जाएगा। पहले चरण में उत्तर भारत के बाजार को ध्यान में रखते हुए दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, जम्मू एवं कश्मीर, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, मध्यप्रदेश में कामधेनु पेंटस को उपभोक्ताओं के बीच लाया जाएगा। श्री सुब्रोतो उपाध्याय, रीजनल सेल्स मैनेजर, (पेंटस) ने **'Colour Dreamz'** की लांचिंग के वक्त शुरू की गयी विशेष स्कीम के बारे में बताते हुए कहा कि यह स्कीम डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटरों का उत्साहवर्धन करेगा और वे अधिक से अधिक संख्या में उपभोक्ताओं को अपने साथ जोड़ने में कामयाब होंगे।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के प्रेसिडेंट श्री पंकज अग्रवाल ने एक अन्य उपयोगी उत्पाद पीवीसी पाइप की उपयोगिताओं के बारे में जानकारी दी। समारोह में श्री आयुश अग्रवाल, श्री राजकुमार श्रीवास्तव, वर्क्स मैनेजर (कामधेनु पेंटस), श्री सुब्रोतो उपाध्याय, रीजनल सेल्स मैनेजर, (पेंटस), श्री ए. आर. बनर्जी, जी एम (लिक्विड पेंट), श्री एक. के. गुप्ता, जी एम (पाउडर पेंट), श्री विवेक महेश्वरी, एजीएम, बिजनेस डेवलपमेंट, श्री अमित सोनी, एजीएम (ब्रांड प्रोमोशन), चंदन गोस्वामी, सीनियर मैनेजर, (ब्रांड प्रोमोशन), श्री लवजीत सिंह, सहायक प्रबंधक, (ब्रांड प्रोमोशन), उदित गर्ग, सीनियर मैनेजर, (मार्केटिंग, यूपीवीसी), श्री योगेश्वर सिंह, एएसएम, पंजाब, श्री भजनलाल, सीएनएफ, पंजाब, श्री अरविंद कपूर डीएसएम, (प्रंट, हिमाचल प्रदेश) के साथ–साथ लुधियाना शहर एवं इसके आस–पास के डिस्ट्रीब्यूटरों एवं डीलरों ने भी शिरकत की।




**Colour Dreamz के उत्पादों के साथ प्रेसिडेंट, श्री पंकज अग्रवाल, निदेशक, श्री सचिन अग्रवाल और श्री सौरभ अग्रवाल , साथ में हैं श्री आयुश अग्रवाल**

# हिसार में आयोजित की गयी कामधेनु स्टील की सीएपी




डीलर श्रीघनश्याम जी को सम्मानित करते हुए डिस्ट्रीब्यूटर श्री मामन चंद गोयल

**हरे–भरे** खेतों और उद्योगों के प्रदेश हरियाणा के हिसार में 11 सितंबर को कामधेनु इस्पात लिमिटेड की ओर से एक सीएपी का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या मे मेसन्स ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर श्री राजीव शर्मा, जीएम ने कंपनी के उत्पादों की विशेषताओं के बारे में सबको जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कंपनी के सभी उत्पाद उपभोक्ताओं की कसौटी पर पूरी तरह फिट बैठते हैं, और यही वजह है कि उपभोक्ता कामधेनु इस्पात लिमिटेड के उत्पादों पर पूरा भरोसा करते हैं।

इतना ही नहीं, कामधेनु इस्पात लिमिटेड के उत्पाद आसानी से हर जगह उपलब्ध हैं , क्योंकि कंपनी का हर उत्पाद इसके डिस्ट्रीब्यूटरों एवं डीलरों के जरिए उपभोक्ताओं तक पहुँचता है। यही वजह है कि राजमिस्त्री और बिल्डर इन उत्पादों का इस्तेमाल कर सुदृढ़ निर्माण के प्रति पूरी तरह निश्चिंत रहते हैं। कामधेनु ब्रांड के उत्पादों की श्रृंखला में हाल ही में प्लाइवुड, कामधेनु पेंटस, पीवीसी पाइप जैसी कई उपयोगी चीजें शामिल हुई हैं, जो उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं।

सीएपी के इस आयोजन में कंपनी की ओर से श्री मनोज शर्मा, एजीएम, श्री उदित गर्ग, सीनियर मैनेजर, मार्केटिंग (यूपीवीसी) के अलावा डिस्ट्रीब्यूटर श्री नरेश गर्ग, श्री मामन चंद गोयल तथा डीलर, मेसर्स घनश्याम स्टील, हिसार के श्री घनश्याम भी मौजूद थे। श्री अमित सोनी, एजीएम (ब्रांड प्रोमोशन) ने कार्यक्रम के संचालन की जिम्मेदारी निभायी।

# देश की सुरक्षा पर सवालिया निशान हैं आतंकी धमाके

**आतंक** के नापाक इरादों ने रमजान के पाक महीने को भी नहीं बख्शा। इसने मजहब और सरहद की सीमाओं से आगे बढ़कर वार किया। जहाँ एक ओर 13 सितंबर को देश की राजधानी दिल्ली ठीक उसी वक्त आतंक का निशाना बनी जब रमजान के इतार का वक्त था, वहीं पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी 20 सितंबर को इसी वक्त होटल मेरियट आतंकियों का निशाना बनी। आतंकियों के हौसले इस कदर बढ़ गए कि उन्होंने न केवल दोनों देशों की सुरक्षा व्यवस्था को ठेंगा दिखा दिया बल्कि आम जनता की सुरक्षा पर भी सवालिया निशान लगा दिए। इन धमाकों की गूँज अभी तक थमी नहीं है जबकि पुलिस और खुफिया एजेंसियों की ओर से आए दिन नए–नए खुलासे हो रहे हैं। पाकिस्तान में हुए आतंकी धमाकों की वजह भले ही अलग हो मगर भारत में हुए आतंकी धमाकों की जिम्मेदारी जेहादी संगठन इंडियन मुजाहिदीन ने ली है, जिसे प्रतिबंधित संगठन सिमी का बदला हुआ रूप माना जाता है।

हालांकि धमाकों के एक सप्ताह के अंदर ही दिल्ली पुलिस ने इसकी गुत्थी को सुलझा लेने का दावा किया है और साथ ही वह जयपुर सहित अन्य शहरों में हुए धमाकों के तार भी इससे जोड़ रही है, मगर आम जनता पुलिस की कार्यप्रणाली से सशंकित है। पुलिस ने अपने जाँबाज इंस्पेक्टर मोहन चंद्र शर्मा की जान की कीमत पर दक्षिण दिल्ली के जामियानगर में दो आतंकियों का एनकाउंटर किया, मगर यह एनकाउंटर भी सवालों के घेरे में है। मगर सच यह भी कि किसी के चेहरे पर यह नहीं लिखा कि कौन आतंकी है और कौन मासूम। ऐसे में अगर थोड़ी सी भी लापरवाही बरती गयी तो इससे आतंकियों के हौसले मजबूत होंगे। कई लोगों को आज पोटा जैसे कानून की जरूरत महसूस हो रही है, मगर सच तो यह है कि कानून बना लेने से क्या होगा, अगर इसपर ठीक ढंग से अमल ही न किया जाए। तो क्या हम यह मानकर चलें कि हमारे देश की सुरक्षा व्यवस्था इतनी कमजोर है कि अपनी सुरक्षा का दायित्व हमें खुद ही उठाना होगा ?

# अमन और शांति का पैगाम लेकर निकली कामधेनु की कार रैली

**देश** के निर्माण क्षेत्र में अपनी मजबूत पकड़ रखने वाली कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड सामाजिक सरोकारों के प्रति कितनी संजीदा है, इसका प्रमाण कामधेनु की कार रैली के रूप में सामने आया। 13 सितंबर को देश की राजधानी दिल्ली में हुए आतंकी धमाकों की गूँज से थर्रायी धरती पर अमन और शांति का पैगाम लेकर निकली इस कार रैली की हर किसी ने सराहना की। दिल्ली के तिवोली गार्डन में 14 सितंबर को आयोजित इस कार रैली का आयोजन पहले कर्मचारियों को तरोताजा करने के उद्देश्य से किया गया था, मगर दिल्ली धमाकों के बाद आयोजन का एकमात्र उद्देश्य बन गया – आतंक और अपराध को मुँहतोड़ जवाब देना तथा अमन और शांति के पैगाम को घर–घर पहुँचाना।




**झंडा दिखाकर रैली की शुरुआत करते हूए कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक, श्री सचिन अग्रवाल ।**

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सचिन अग्रवाल ने कार रैली को झंडा दिखाकर रवाना किया। इस रैली में श्री राजीव शर्मा, जीएम, श्री विवेक महेश्वरी, एजीएम (बिजनेस डेवलपमेंट), श्री अमित सोनी, एजीएम (ब्रांड प्रोमोशन), चंदन गोस्वामी, सीनियर मैनेजर, (ब्रांड प्रोमोशन) के साथ–साथ श्री नितिन प्रताप सिंह, श्री सुशील भारद्धाज, श्री अनिल राज एवं श्री लवजीत सिंह ने भी हिस्सा लिया।

# ऑस्ट्रेलिया की सैर को निकली डिस्ट्रीब्यूटरों की टीम

कामधेनु ब्रांड की साख को दूसरे देशों तक पहुँचाने के साथ–साथ डिस्ट्रीब्यूटरों के हौसले को बढ़ाने के लिए कामधेनु के डिस्ट्रीब्यूटरों की टीम इस बार ऑस्ट्रेलिया के खूबसूरत शहर सिडनी की सैर को निकली। इस टीम में 29 सदस्य शामिल थे। इस बार बारी थी बिहार के डिस्ट्रीब्यूटरों की। मेसर्स दादीजी स्टील्स लिमिटेड की अगुवाई में ऑस्ट्रेलिया की सैर को निकली इस टीम ने सिडनी के अलावा ब्रिसबेन एवं केयर्न्स शहरों की खूबसूरती का भी नजारा किया।

सिडनी, ब्रिसबेन और केयर्न्स शहरों को इस टीम ने अभी तक टेलीविजन या फिल्मों के परदों पर ही देखा था। ये तीनों ही शहर खेलों को लेकर खास तौर पर चर्चित रहते हैं। देश की क्रिकेट टीम ने तो कई बार इन मैदानों पर अपनी विजय पताका लहराई है, और साथ अन्य खेलों के लिए भी यहाँ बहुत खुशनुमा माहौल है। यहाँ की बहुमंजिली इमारतों, तेज रतार वाली चौड़ी सड़कों और गोली की रफ्तार से चलने वाली ट्रेनों को देखने का अनुभव अनोखा है। इसके अलावा समंदर की लहरों के साथ अठखेलियाँ करने और नीले आकाश के नीचे सी–बीच पर बैठकर इनका नज़ारा करने का आनंद भला कौन भुला सकता है। कामधेनु की टीम ने अपने कीमती वक्त के एक–एक पल का भरपूर लुत्फ उठाया। वापसी के वक्त टीम के सभी सदस्य पूरी तरह तरोताजा होकर सुनहरी यादों को समेटे घर की ओर रवाना हुए।




**ऑस्ट्रेलिया की सैर के दौरान मेसर्स दादीजी स्टील्स लिमिटेड के निदेशकगण, एवं बिहार के डिस्ट्रीब्यूटर।**

RNI. No.: DELHIN/2000/4125, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2006-08



# सार्वजनिक सूचना

KAMDHENU STEEL
Sampurna Suraksha Ki Guarantee

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि **कामधेनु इस्पात लिमिटेड** अपने सभी उत्पादों का निर्माण व वितरण केवल **कामधेनु** के नाम से करता है। इसके अलावा **कामधेनु इस्पात लिमिटेड, कामधेनु पेंट्स** का **कलर ड्रीम्ज़** (Colour Dreamz) के नाम से और U.P.V.C. उत्पादों को टफविंड (Tuffwind) के नाम से उनका वितरण करता है। **कामधेनु इस्पात लिमिटेड** व **कामधेनु** प्रोडक्ट का उपरोक्त ब्रांड्स के अलावा और किसी भी उत्पाद से कोई संबंध नहीं है। हाल ही में हमें यह जानकारी मिली है कि कुछ अन्य ब्रांड के सरिये को **कामधेनु** का प्रीमियम उत्पाद बताकर उसका प्रचार किया जा रहा है, जो कि असत्य है। **कामधेनु** का इन उत्पादों से कोई लेना–देना नहीं है। असली **कामधेनु सरिया** के प्रत्येक मीटर पर **कामधेनु** की मोहर लगाई जाती है, एवं **कामधेनु इस्पात लिमिटेड** का किसी और ब्रांड के सरिया व अन्य उत्पादों की क्वालिटी एवं स्टैन्डर्ड से कोई वास्ता नहीं है। खरीददार इन उत्पादों को कामधेनु सरिया का उत्पाद समझकर न खरीदें और इसके लिए **कामधेनु इस्पात लि.** किसी भी हालत में जिम्मेवारी नहीं लेगा।

उपभोक्ता, विक्रेता, वितरक, थोक व्यापारी, मीडिया तथा अन्य जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस प्रकार के भ्रामक विज्ञापनों एवं प्रचारों पर ध्यान न दें। **कामधेनु इस्पात लिमिटेड कामधेनु ब्रांड** के तहत ही स्टील बार्स (सरिया) का उत्पादन करता है, तथा इनका किसी और नाम एवं स्टाइल वाले उत्पादों से कोई संबंध एवं व्यावसायिक साझेदारी नहीं है।

**कामधेनु इस्पात लिमिटेड**
दूसरी मंजिल, टावर ए, डीएलएफ साइबर सिटी, फेस–3,
गुड़गाँव – 122002, दूरभाष : 0124 4604500 फैक्स नं. : 0124 4218524

## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर आफ द मंथ

श्री सचिन अग्रवाल
**मेसर्स एम.एल. इन्टरप्राइजेज,**
रामपुर रोड, हल्द्वानी, उत्तराखंड
मो.–09837719977 / 09359619977

श्री राकेश गुप्ता
**मेसर्स निशांत ट्रेडिंग कंपनी**
खोड़ा कॉलोनी,
नोएडा, उत्तर प्रदेश
मो.–09810979222

# गुड़गाँव मुख्यालय की पहली वर्षगाँठ



**पहली वर्षगाँठ के मौके पर सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल एवं कामधेनु परिवार को सम्बोधित करते हुए निदेशक श्री सुनील अग्रवाल**

**राष्ट्रीय** राजधानी क्षेत्र के अंतर्गत गुड़गाँव में स्थित कामधेनु इस्पात लिमिटेड के मुख्यलाय ने अपने एक साल का सफर सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त इस कार्यालय की पहली वर्षगाँठ के मौके पर कंपनी के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल ने केक काटकर कर्मचारियों को सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, श्री सचिन अग्रवाल, श्री सौरभ अग्रवाल के साथ–साथ कामधेन परिवार के सदस्य, प्रेसिडेंट, वीपी, सीएफओ एवं कंपनी के अन्य अधिकारीगण भी मौजूद थे।

कंपनी का मुख्यालय गुड़गाँव के डी.एल.एफ साइबर सिटी, फेस–3 में है और यह आज की तकनीकी जरूरतों के मुताबिक पूरी तरह आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण है, जिसके कारण कंपनी के कर्मचारियों की कार्यक्षमता कई गुणा बढ़ गई है। कंपनी के उपभोक्ताओं एवं डीलरों–डिस्ट्रीब्यूटरों की समस्याओं का निदान अब अधिक तत्परता से किया जाता है। इतना ही नहीं, कंपनी की दूरगामी रणनीतियाँ भी तैयार यहीं बैठकर तैयार की जाती है।

Printed at Mehta Offset Works, A-16 (East), Naraina-II, New Delhi

Owned by KIL, L-311, Street No.-7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. +91 11 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011-22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com